CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com

मो. 9653906665

अंक 02/75 | जयपुर | 04 अप्रैल /2025 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04



# अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया

## ट्रम्प बोले- मोदी अच्छे दोस्त, लेकिन टैरिफ पर व्यवहार ठीक नहीं; भारत बोला- बातचीत से हल निकालेंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात भारत पर 26% टैरिफ (रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ) लगाने का ऐलान किया। ट्रम्प ने कहा- भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा,भारत अमेरिका पर 52% तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 26% टैरिफ लगाएगा। अन्य देश हमसे जितना टैरिफ वसूल रहे, हम उनसे लगभग आधे टैरिफ लेंगे। इसलिए टैरिफ पूरी तरह से रेसिप्रोकल नहीं होंगे। मैं ऐसा कर सकता था, लेकिन यह बहुत से देशों के लिए कठिन होता। हम ऐसा नहीं करना चाहते थे।

भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसे लेकर भारतीय अधिकारियों का कहना है कि वे ट्रम्प के लगाए टैरिफ का आकलन कर रहे हैं। भारत का फोकस जवाबी टैरिफ लगाने पर नहीं, बल्कि बातचीत के जरिए अमेरिका की चिंताओं को दूर करने पर है।



### 9 अप्रैल से लागू होंगे रेसिप्रोकल टैरिफ

अमेरिका में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।

### ट्रम्प के संबोधन की 6 बड़ी बातें

#### ऑटो सेक्टर में 25% टैरिफ

अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25% टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60%, वियतनाम 70% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूल रहे हैं। इन्होंने अमेरिका को 50 वर्षों तक लूटा, लेकिन यह आज समाप्त होगा।

#### टैरिफ से बचने के लिए अमेरिका में बनाएं प्रोडक्ट

अमेरिका टैरिफ के मामले में अब बराबरी का जवाब देगा। जो देश अमेरिकी बाजार तक पहुंच चाहते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अगर कोई भी कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है, तो उसे अमेरिका में अपना प्रोडेक्ट बनाना होगा। टैरिफ से अमेरिका का विकास होगा।

#### नौकरियां और कारखाने अमेरिका लौटेंगे

कई देशों ने अमेरिकी बाजार का फायदा लेकर खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन अमेरिकी सामान के लिए अपने बाजार में सख्ती लगा दी। अब अमेरिका भी अपने फायदे के बारे में सोचेगा। अब नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे।

**कनाडा के डेयरी टैरिफ अनुचित:** कनाडा का डेयरी टैरिफ हमारे किसानों के लिए उचित नहीं है। अमेरिका कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों को उनके उद्योगों को बनाए रखने में मदद करने के लिए सब्सिडी देता है। हम अपने महान किसानों और पशुपालकों के लिए भी खड़े हैं, जिनके साथ दुनियाभर के देश क्रूरता करते हैं।

**अमेरिका की आर्थिक आजादी का दिन:** आज का दिन अमेरिका के लिए आर्थिक आजादी का है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं, यानी जो देश हम पर जैसा शुल्क लगा रहा है हम भी उनके साथ वैसा ही करेंगे।

---

### वक्फ बिल पर राज्यसभा में चर्चा

## नड्डा बोले- विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश

**नई दिल्ली।**

वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। दोपहर 1 बजे से चर्चा हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्?डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा।

नड्डा ने कहा- हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा- बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।



### रिजिजू बोले- कानून में ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।

रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा।

---

## अब मोदी सरकार के वक्फ बिल पर खुलकर समर्थन कर रहा कैथोलिक बिशप्स काउंसिल



पिछले साल केरल राज्य वक्फ बोर्ड ने एर्नाकुलम के पास मुनंबम तटीय क्षेत्र में रहने वाले 600 ईसाई और हिंदू परिवारों को 404 एकड़ जमीन को अपना बता दिया। ये जमीन इन परिवारों के पास पीढ़ियों से थी। वक्फ बोर्ड द्वारा किए गए दावे में कहा गया था कि यह जमीन फारूक कॉलेज ने दशकों पहले वक्फ के तौर पर दी थी, जबकि वहां रहने वाले कई परिवारों ने दस्तावेजों के साथ पुष्टि की कि यह जमीन उनके परिवार के सदस्यों ने कई साल पहले फारूक कॉलेज के मालिकों से खरीदी थी। केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) ने सांसदों से वक्फ अधिनियम के असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण प्रावधानों में संशोधन के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। केसीबीसी सचिवालय के फादर थॉमस थारायिल ने कहा कि वक्फ कानून के प्रावधान, जो अवैध दावों को इस तरह से वैध बनाते हैं कि मुनंबम में लोग भूमि पर अपने राजस्व दावों का प्रयोग करने में असमर्थ हैं।

### जिनके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं, वो मुस्लिम समाज के हक की बात कर रहे हैं: बर्क

लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा जारी है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा, एक कानून दूसरे कानून से ऊपर नहीं हो सकता। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने वक्फ संशोधन विधेयक पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह वक्फ संपत्तियों के लिए लाभकारी होने के बजाय नुकसानदेह होगा। विधेयक को आज प्रश्नकाल के बाद विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया और उसके बाद 8 घंटे की चर्चा होगी, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है। भाजपा और कांग्रेस की तर्ज पर उनके सहयोगी दलों ने भी अपने सभी सांसदों को 2 और 3 अप्रैल को सदन में उपस्थित रहने और वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा में भाग लेने के लिए व्हिप जारी किया है।

## वक्फ बिल में कुछ भी गलत नहीं, जेडीयू का खुलकर किया समर्थन

### ललन सिंह बोले- नीतीश नहीं करते वोटबैंक की राजनीति



बुधवार को लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा और पारित होने के लिए जोरदार हंगामा हो रहा है। सरकार विधेयक को पारित कराने के लिए दृढ़ संकल्प है और विपक्ष एकजुट होकर प्रस्तावित कानून को असंवैधानिक बताकर उसकी निंदा कर रहा है। विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में पेश किए जाने की संभावना है, जिसमें प्रस्तावित कानून पर बहस के लिए दोनों सदनों को आठ-आठ घंटे आवंटित किए गए हैं। भाजपा के बाद एनडीए के चार सबसे बड़े घटक दल तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल (यूनाइटेड), शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर सरकार के रुख का समर्थन करने को कहा है। नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने साफ तौर पर संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन किया है। केंद्रीय मंत्री और जेडीयू सांसद राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा कि विपक्ष धर्मनिरपेक्षता के नाम पर लोगों को बांट रहा है।

## मुंद्रा पोर्ट की 200 एमएमटी कार्गो हैंडलिंग से भारतीय समुद्री व्यापार में नया अध्याय

**एजेंसी| नई दिल्ली**



मुंद्रा पोर्ट ने 200 एमएमटी कार्गो हैंडलिंग का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया, बनते हुए भारत का पहला पोर्ट जो इस आंकड़े को पार कर गया। अदाणी पोर्ट्स ने 41.5 एमएमटी कार्गो के साथ 9त्न वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जिससे भारत के व्यापारिक प्रभाव को नई ऊंचाइयां मिलीं। देश के सबसे बड़े निजी बंदरगाह, मुंद्रा पोर्ट ने हाल ही में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस पोर्ट ने 200 एमएमटी (मिलियन मेट्रिक टन) से अधिक कार्गो हैंडल कर भारत का पहला ऐसा पोर्ट बनने का गौरव प्राप्त किया। यह न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि भारत के बढ़ते व्यापारिक प्रभाव का प्रतीक भी है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एपीएसईजेड) ने मार्च 2025 में 41.5 एमएमटी कार्गो के साथ अपनी अब तक की सबसे बड़ी कार्गो हैंडलिंग का रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 9प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखने को मिली। इस वृद्धि में प्रमुख योगदान कंटेनर (+19प्रतिशत) और लिक्विड-गैस (+5प्रतिशत) का था। इस वित्तीय वर्ष में मुंद्रा पोर्ट ने कुल 200.7 एमएमटी कार्गो हैंडल किया, जिससे यह 200 एमएमटी के आंकड़े को पार करने वाला पहला भारतीय पोर्ट बन गया। यह भारत की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रतीक है।

---

## राहुल बोले-चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई

### विदेश सचिव गलवान के जवानों की शहादत पर केक काट रहे, पीएम चिट्ठियां लिख रहे

**नई दिल्ली।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा- हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई।

### 1 अप्रैल को भारत-चीन संबंधों के 75 साल पूरे हुए

राहुल बोले- भाजपा की फिलॉस्फी हर विदेशी के सामने सिर झुकाना मोदी सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी ने कहा- एक तरफ आपने चीन को हमारी जमीन दे दी और दूसरी तरफ अमेरिका ने हम पर टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगा दिया। इससे देश की ऑटो, फार्मास्यूटिकल और एग्रीकल्चर इंडस्ट्री पूरी तरह से तबाह हो जाएगी।

राहुल ने कहा- एक बार किसी ने इंदिरा जी से पूछा कि विदेश नीति के मामले में आप बाएं झुकती हैं या दाएं। इस पर उन्होंने जवाब दिया की मैं बाएं या दाएं नहीं झुकती। मैं भारतीय हूं और सीधी खड़ी हूं।

भाजपा और आरएसएस की फिलॉस्फी अलग है। जब उनसे पूछा जाता है तो वे कहते हैं नहीं, नहीं, हम हर विदेशी के सामने अपना सिर झुकाते हैं। यह उनके इतिहास में है, हम जानते हैं। सरकार को जवाब देना चाहिए कि वह अमेरिकी टैरिफ पर क्या कर रही है। बीते दिन अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगाने की घोषणा की है। अमेरिका ने कहा है कि भारत अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा इम्पोर्ट ड्यूटी (आयात शुल्क) लगाता है।

### लद्दाख के एलजी ने राहुल के दावे को गलत बताया था

राहुल गांधी ने लद्दाख दौरे पर 25 अगस्त, 2022 को कारगिल में रैली की थी। उन्होंने दावा किया था कि चीन ने भारत की हजारों किमी जमीन पर कब्जा किया है।

राहुल गांधी ने लद्दाख दौरे पर 25 अगस्त, 2022 को कारगिल में रैली की थी। उन्होंने दावा किया था कि चीन ने भारत की हजारों किमी जमीन पर कब्जा किया है।

राहुल गांधी ने 2022 में लद्दाख दौरे पर कारगिल में रैली की थी। वहां उन्होंने दावा किया था कि चीन ने भारत की हजारों किमी जमीन पर कब्जा किया है। इस पर लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) बीडी मिश्रा ने कहा था कि चीन का भारत की एक वर्ग इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं है।

उन्होंने कहा था- 1962 (भारत-चीन युद्ध) में जो कुछ भी हुआ, उस पर बात करने से कोई फायदा नहीं। आज सीमा की आखिरी इंच जमीन भी हमारे कब्जे में है। भगवान न करे अगर हालात बिगड़े तो सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

### 2020 की गलवान झड़प में 20 भारतीय जवान शहीद हुए

2020 में चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगह पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं। भारत सरकार ने भी इस इलाके में चीन के बराबर संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे। हालात इतने खराब हो गए कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गोलियां चलीं। इसी दौरान 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। भारत ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसमें 40 चीनी सैनिक मारे गए थे।

अक्टूबर, 2024 से भारत-चीन संबंधों में सुधार हुआ विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 26 मार्च को एशिया सोसाइटी के प्रोग्राम में कहा कि अक्टूबर, 2024 से भारत-चीन संबंध में कुछ सुधार आया है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं चीनी विदेश मंत्री से कई बार मिल चुका हूं। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि 2020 में हुए नुकसान की भरपाई हो। पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा विवाद पर दो साल की लंबी बातचीत के बाद इसी साल अक्टूबर में दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ। इसके बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों की सेनाएं देपसांग और डेमचोक से पीछे हट गईं। इसके बाद 25 अक्टूबर को भी दोनों देशों की सेनाएं पूर्वी लद्दाख से पीछे हटीं।

---

## जैसलमेर के बीजेपी विधायक के बेटे को पीटा

### फॉर्च्युनर गाड़ी में तोड़फोड़, नाके पर आग लगाई; रॉयल्टी ठेकेदार से हुआ विवाद

**जैसलमेर**

जैसलमेर के बीजेपी विधायक छोटू सिंह भाटी के बेटे भवानी सिंह भाटी को रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह के लोगों ने जमकर पीटा। उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। फॉर्च्युनर गाड़ी में तोड़फोड़ की और नाके पर आग लगा दी। उधर, रॉयल्टी ठेकेदार ने खुद पर हमला होने की बात कही।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया- मामले में करीब 24 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अब हालात काबू में हैं। मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। फिलहाल मामले में कोई मुकदमा दोनों पक्षों की तरफ से नहीं दिया गया है। सदर पुलिस बयानों के आधार पर जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि गुरुवार को रॉयल्टी ठेकेदार के लोगों ने पत्थरों से भरे ट्रकों सदर इलाके के सम रोड स्थित काहला फांटा पर रोक दिया। वहां हाथों में लाठी लेकर खड़े लोग रॉयल्टी मांगने लगे। इससे नाराज ट्रक ड्राइवरों ने ठेकेदार यूनियन के संरक्षक और विधायक के छोटे भाई नखत सिंह को कॉल किया। सुबह करीब नौ बजे नखत सिंह, विधायक के बेटे भवानी सिंह समेत कई लोग रॉयल्टी नाके पर पहुंच गए। यहां बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

विधायक के बेटे भवानी सिंह ने कहा- जब हम बातचीत करने गए तो सामने वाले पक्ष ने झगड़ा शुरू कर दिया।



इस दौरान लाठी और तलवारों से हमला किया। नाके पर रॉयल्टी ठेकेदार के लोगों ने ही आग लगाई। इसके बाद मेरी फॉर्च्युनर गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की। इधर, घायलों को जैसलमेर के सरकारी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

### रॉयल्टी ठेकेदार बोला- हमारे ऊपर हमला हुआ

रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह ने बताया- मैंने जैसलमेर में दुर्गा टिम्बर एंड ग्रेनाइट फर्म के नाम से रॉयल्टी का काम लिया। मेरे पार्टनर राजेंद्र सिंह हैं। हमने 10 करोड़ 10 लाख रुपए में मेसेनरी स्टोन का ठेका लिया है। आज दिन में हम रॉयल्टी नाके पर बैठे थे।

सदर थाने के एसआई गुमान सिंह, हेड कॉन्स्टेबल बलदान और माइनिंग के आनंद भी हमारे साथ बैठे थे। इस दौरान 10-15 गाड़ियों में विधायक छोटूसिंह भाटी के बेटे भवानी सिंह, विधायक के भाई नखत सिंह, नखत सिंह के बेटे गिरधर सिंह 10-15 गाड़ियों में आदमियों को लेकर आए।

उन्होंने आते ही हम पर तलवारों-हथियारों से हमला कर दिया। हमारी 2-3 गाड़ियों में तोड़फोड़ की और नाके को आग लगा दी।

## जयपुर में बदमाशों ने कंडक्टर को डंडे से पीटा, एक तरफ स्टिंग कर रही पुलिस, दूसरी तरफ आरोप-शिकायत दर्ज नहीं की, पार्षद को बुलाना पड़ा

**जयपुर**

जयपुर में एक तरफ चौमूं पुलिया पर पुलिस ने स्टिंग कर बसों से अवैध वसूली करने वाले 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया। बुधवार को उनकी मुख्य बाजार में परेड निकाली। वहीं, दूसरी तरफ बुधवार को ही जालूपुरा थाना इलाके में बस चालक से अवैध वसूली के लिए मारपीट की गई। एफआईआर दर्ज नहीं की गई। समझौता करने के लिए कहा। स्थानीय पार्षद के हस्तक्षेप के बाद केस दर्ज किया गया।

मारपीट और अवैध वसूली की पूरी वारदात बस में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसमें वारदात करने वाले आरोपी साफ दिखाई दे रहे हैं। इसमें बदमाश दो अलग-अलग बस में कंडक्टर की पिटाई करते दिख रहे हैं। मारपीट की घटना 2 अप्रैल को सुबह 10.50 बजे की है। इस दौरान दो बस वनस्थली मार्ग से होकर निकल रही थी। बदमाश जबरन गाड़ी में घुसे और बस के कंडक्टर मुकेश के साथ मारपीट शुरू की। इसके बाद दूसरी बस के कंडक्टर निर्भय सिंह के साथ मारपीट की गई।

बस मालिक अशोक गुर्जर ने बताया- उनकी बस जयपुर से दौसा चलती हैं। नारायण सिंह सर्किल पर बस रोकने के लिए मना हो गया है। इस पर आरटीओ ने कहा- सिंधी कैम्प होते हुए बस को निकाल लो। हमारी पहली बस जब वनस्थली मार्ग से निकली तो करीब आधा दर्जन बदमाश बस में जबरन घुसे। कंडक्टर के साथ मारपीट करने लगे और पैसा मांगा। इसके बाद दूसरी बस निकली। उसके कंडक्टर पर गेट पर ही डंडों से हमला कर दिया।

### पुलिस और आरोपियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया

अशोक गुर्जर ने बताया- ये लोग प्रति बस 500 रुपए की मांग रहे थे। दोपहर दो बजे बस थाने पहुंचकर मैने खुद ने थाने में जाकर शिकायत की, लेकिन पुलिस ने पहले शिकायत नहीं ली। इस पर पुलिस ने लेने से मना किया। स्थानीय पार्षद रवि सैनी ने बताया कि उनके परिचित अशोक गुर्जर होने पर उन्होंने उन्हें फोन पर सूचना दी जिस के बाद डीसीपी और जयपुर कमिश्नर से बात की गई जिस के बाद एफआईआर रात को दर्ज हुई।

# जल संरक्षण-प्रशासन और मीडिया की साझा पहल 'आवा पानी झोंकी' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

## पानी को बचाना, भू जल स्तर बढ़ाना, बेवजह पानी को बहने से रोकना और वर्तमान व नई पीढ़ी के लिए पर्याप्त जल संरक्षण करना आवश्यक है-कलेक्टर त्रिपाठी

मरुधर विशेष

**करन सोनी** कोरिया। कलेक्टरेट सभाकक्ष, बैकुंठपुर में आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जल संरक्षण और संवर्धन पर आयोजित कार्यशाला में प्रशासन और मीडिया के बीच साझेदारी को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस कार्यशाला में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने जल बचाव और संवर्धन के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए, जिनमें वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाना और जल संकट से प्रभावित ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाने की बात प्रमुख थी।

### जनता की भागीदारी से ही जल संरक्षण अभियान सफल होंगी

कलेक्टर त्रिपाठी ने मीडिया से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण की आवश्यकता को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में मदद करें। उन्होंने बताया कि जल की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है और यह सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम बेवजह पानी बहने से रोकें। कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि




आज सबसे बड़ी जरूरत है पानी को बचाना, भू जल स्तर को बढ़ाना, बेवजह पानी को बहने से रोकना और वर्तमान व नई पीढ़ी के लिए पर्याप्त जल संरक्षण करना है। जल की एक-एक बूंद महत्वपूर्ण है और यह बातें सभी जानते हैं लेकिन बड़ी संख्या में इस रोकने, बचाने में उदासीनता बरती जाती है, जिसके कारण प्रति दिन हजारों लीटर पानी अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी हो कि बेवजह नल से बहते पानी को रोकें। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को बुद्धिजीवी और चिंतनशील वर्ग बताते हुए कहा कि समाज की समस्याओं को प्रशासन, शासन और सरकार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही 'आवा पानी झोंकी' कार्यक्रम को गांव, गांव और घर-घर तक पहुंचाने में मदद करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जब तक जनता जल संरक्षण के अभियान से जुड़कर



सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं लेगी, तब तक यह अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो सकता।

### 'आवा पानी झोंकी अभियान' को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया सहयोग करें

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जल संकट को वैश्विक समस्या बताते हुए पेड़-पौधों की बढ़ती कमी और पानी के अनावश्यक बहाव को जल संरक्षण के प्रमुख कारणों के रूप में पहचाना। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि वे 'आवा पानी झोंकी अभियान' को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें।

### मीडिया प्रतिनिधियियो ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

मीडिया प्रतिनिधियों ने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियानों की सराहना करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें कृषि कार्यों के बाद पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता और शहरी क्षेत्रों में वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाने की बात कही गई।

### मीडिया प्रतिनिधियियो ने पौधे में जल देकर निभाई सहभागिता

कार्यशाला के अंत में मीडिया प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधों को पानी दिया और जल संरक्षण का संदेश दिया कि पानी न केवल मनुष्यों और जानवरों के लिए, बल्कि पर्यावरण और उद्योगों के लिए भी अनिवार्य है। यह कार्यशाला प्रशासन और मीडिया के बीच जल संरक्षण को लेकर एक नई दिशा की शुरुआत साबित हुई।

### पीपीटी व वीडियो डाक्यूमेंट्री से बताया जल संरक्षण का महत्व

विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने जल संरक्षण और संवर्धन के सम्बंध में किए जा रहे कार्यों को पीपीटी के माध्यम से मीडिया प्रतिनिधियियो के साथ साझा की। पानी की महत्ता पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया कि किस तरह एक छोटी पहल से पानी को बचाया जा सकता है। इस कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार मिश्रा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ए. टोप्पो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार, कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती, सहायक परियोजना अधिकारी, मनरेगा विकास अवधिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनआरएलएम तरुण रघुवंशी आदि अधिकारी मौजूद थे। साथ ही प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि श्रीकांत शुक्ला, कमलेश शर्मा, प्रविन्द सिंह, अमित सोनी, सतीश गुप्ता, चंद्रकांत पारगिर, निहारिका, प्रशांत मिश्रा, नीलेश तिवारी, अरुण जैन, कमालुद्दीन अंसारी, कृष्ण विभूति तिवारी, कमरून निशा, महेंद्र पांडेय, विशाल सिंह, सावन कुमार, करन सोनी,कमलेश एक्का, राजू शर्मा, अनिल पांडेय आदि प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह कार्यशाला बेहद उपयोगी रही।

# कोरिया पुलिस का महाअभियान: अपराधियों की धरपकड़, 45 लीटर अवैध शराब जब्त, बदमाशों पर कसा कानून का शिकंजा

मरुधर विशेष

**करन सोनी कोरिया।** कोरिया जिले के थाना चरचा क्षेत्र में पुलिस द्वारा एक विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना था। इस व्यापक अभियान के तहत पांच विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्होंने सुनियोजित तरीके से सघन चेकिंग और धरपकड़ अभियान को अंजाम दिया। अभियान के दौरान 2 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, आबकारी अधिनियम के तहत 08 प्रकरणों में कार्रवाई की गई और कुल 45 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। इसके अतिरिक्त, 10 प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गईं, 02 निगरानी बदमाशों की जांच की गई, 03 गुंडा बदमाशों की चेकिंग हुई और अन्य राज्यों से आए 10 संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच कर संभावित अपराधों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने संदिग्ध स्थानों और अपराध संभावित क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चलाया, जिससे



अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों में हड़कंप मच गया। गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की धरपकड़ कर उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की आपराधिक साजिश को पहले ही विफल किया जा सके। इस दौरान अन्य राज्यों से आए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और जांच कर बाहरी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने की दिशा में भी कदम उठाए गए। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने विधिसम्मत कार्यवाही कर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में एक और ठोस कदम बढ़ाया है।

पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के सख्त दिशा-निर्देशों के तहत किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। इस विशेष अभियान में डीएसपी श श्याम मधुकर, डीएसपी जे. पी. भारतेन्दु डीएसपी राजेश साहू, डीएसपी नेल्सन कुजुर के साथ-साथ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय, रक्षित निरीक्षक नितिश आर. नायर एवं विपुल आनंद जागड़े, निरीक्षक डी. पी. सिंह एवं अनिल किण्डो, निरीक्षक विपिन लकड़ा, हेमन्त अग्रवाल, शीतल सिदार, उप निरीक्षक बालेश्वर महांनदी, आर.पी. साहू, सउनि0 बी. के. राजवाड़े सहित 100 से अधिक जवान ने पाँच टीम में चरचा क्षेत्र के ग्राम आमगांव, खरवत, सरडी, फूलपुर, शिवपुर, विशुनपुर, उमझर, जूनापारा, एवं चरचा स्श्वष्टरु कालोनी, रूपनगर बांधपारा, पण्डोपारा, सुभाषनगर, विवेकानंद कालोनी, चेरहापारा, लोकल में कॉम्बिग गश्त किया है।

पुलिस द्वारा समय समय पर कॉम्बिग गश्त अभियान चलाया जाता है, जिसमे अवैध शराब, गांजा, नशीले पदार्थ, कबाड़, कारोबार करने वालो पर प्रभावी कार्यवाही की जा सके एवं आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है। कोरिया पुलिस इस प्रकार के कॉम्बिंग गश्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रखेगी, ताकि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बना रहे। इस प्रकार की रणनीतिक कार्रवाइयों से अपराधियों में भय पैदा होता है और आम जनता को सुरक्षा का भरोसा मिलता है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है की शराब, गांजा, नशीले पदार्थ, कबाड़, कारोबार, संदिग्ध गतिविधियों एवं अपराधों की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके, जिससे अपराध मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। जनता की सुरक्षा और अपराध मुक्त समाज की स्थापना कोरिया पुलिस की प्राथमिकता है, और इस दिशा में हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# कक्षा चौथी की छात्रा माधुरी ने कलेक्टर से अंग्रेजी में किया संवाद

### कलेक्टर ने कहा, वाह.. वेलडन बेटा

मरुधर विशेष, करन सोनी

**कोरिया।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, यह कहावत ग्राम तर्रा के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी माधुरी ने चरितार्थ कर दिखाई। सोनहत विकासखंड के ग्राम तर्रा के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चौथी की छात्रा कुमारी माधुरी ने अपनी बेमिसाल अंग्रेजी की क्षमता से सभी को चौंका दिया। बुधवार को जिला कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी ने अचानक ग्राम तर्रा का दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का भी जायजा लिया। इस दौरान जब कलेक्टर त्रिपाठी ने बच्चों से पहाड़ा और अंग्रेजी में विभिन्न शब्दों की स्पेलिंग पूछी, तो कक्षा चौथी की छात्रा माधुरी ने बिना किसी झिझक के अंग्रेजी में कलेक्टर से संवाद किया। कलेक्टर और माधुरी ने अंग्रेजी में सवाल-जवाब किया और उनकी इस बेमिसाल क्षमता को देख उन्हें शाबाशी दी। कलेक्टर ने कहा, वाह.. वेलडन बेटा! और माधुरी को राज्यस्तरीय स्पेलिंग टेस्ट में पुरस्कार मिलने की भी जानकारी प्राप्त की, जिसके बाद उन्होंने माधुरी को अपनी मेहनत जारी रखने और भविष्य में और सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने बच्चों को भी यह सलाह दी कि वे अपने हाथों को खाने से पहले साबुन से धोएं और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रहें। कलेक्टर की इस पहल ने ग्रामीण बच्चों को प्रेरित किया और यह सिद्ध कर दिया कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को पहचानने का मौका मिलना चाहिए।



# गौ माता पृथ्वी का प्रतीक है आचार्य जैमिन जी पीठ में बह रही है धर्म की गंगा ,,

### ,,लबाना समाज द्वारा शिव महापुराण कथा उमड़ रहे हैं भक्तजन

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** पीठ सलारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही शिव कथा के पांचवें दिन गुरुवार की कथा में व्यासपीठ से कथा मर्मज्ञ आचार्य जैमिन शुक्ल ने बेटियों को शादी के समय सात फेरों में के समय लिए सात वचनों को हमेशा ही याद रखने का आव्हान किया जिससे उनका वैवाहिक जीवन सुखी और आनंदमयी बन सके। कथा मर्मज्ञ आचार्य जैमिन शुक्ल ने कहा कि पतिव्रता नारी




पूज्यनीय होती है, उसे निंदा से दूर रहना चाहिए। आचार्य ने कहा कि पतिव्रता नारी की तुलना गंगा ओर गाय के समान की गई है। हमेशा निंदनीय लोगों से दूरी बनाएं रखने की नसीहत देते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन में पीहर पक्ष का दखल नहीं होना चाहिए। आचार्य ने गौ माता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया



कि गौ माता पृथ्वी का प्रतीक है। गौ माताएं नहीं रहेगी तो ये दुनिया नहीं रहेगी। युवाओं को गौ माता का रक्षण करने का आव्हान करते हुए कहा कि गौ माता में भगवान हरि का वास होता है। उन्होंने कहा कि जिस घर में गौ माता की सेवा होती है उस घर में माता लक्ष्मी का वास सदैव रहता है। आचार्य ने नरसिंह मेहता और सवारियां सेठ का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जीवन में जब भी कोई अच्छा काम हो तब भगवान का आभार जरूर जताना चाहिए। उन्होंने कथा के दौरान नृसिंह मेहता का भजन " मारी हुंडी स्वीकारों महाराज रे, शामडा गिरधारी" भजन पर पांडाल में मौजूद श्रद्धालु झूम उठे। आचार्य जैमिन शुक्ल ने कहा कि कर्म का फल कभी भी पीछा नहीं छोड़ता है,उसे भुगतना ही पड़ता है। आचार्य ने दांपत्य जीवन में आ रही कड़वाहट को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि विवाह संबंध को लेकर शास्त्रों में रीति रिवाज का उल्लेख है लेकिन विवाह संबंध विच्छेद करने का कोई रीति रिवाज नहीं है। आचार्य ने कहा कि कुछ पढ़ी लिखी बेटियां मां बाप के अरमानों पर पानी फेर कर प्रेम प्रसंग में फंस जाती हैं। प्रेम विवाह कर लेती है। जिनके लिए आचार्य ने कहा कि मां बाप का दिल दुखाने वाली संतान कभी भी सुखी नहीं रह सकती है। जिस किसी भी औलाद ने अपने मां बाप को रुलाया उसे भगवान भी कभी माफ नहीं करते हैं। आचार्य जैमिन शुक्ल ने रामायण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का प्रसंग के माध्यम से बताया कि भगवान श्री राम ने अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करने राज्य से वनवास धारण किया। माता सीता ने अपने पति का साथ देने उनके साथ वनवास को चली गई। पांचवें दिन की कथा के अंतिम पड़ाव में शिव माता पार्वती विवाह प्रसंग में बारात की विदाई प्रसंग को सुनाया। वहीं व्यासपीठ पर कथा मर्मज्ञ आचार्य जैमिन शुक्ल का क्षत्रिय वागड़ महासभा ब्लॉक सीमलवाड़ा की ओर से देवेंद्र सिंह सौलंकी, धंबोला ब्राह्मण समाज की ओर से कन्हैया लाल पंड्या, पीठ दिगम्बर जैन समाज की ओर से राजकुमार जैन, विद्यानिकेतन पीठ स्टाफ ने स्वागत अभिनंदन किया। लबाना समाज ग्यारह गौत्र नायक कालू सिंह झाड सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ,,शिव विवाह के बाद पार्वती जी की बिदाई प्रसंग,,

आचार्य श्रीने शिव विवाह के बाद पार्वती जी की बिदाई प्रसंग को सुनाया । ""मुझ द्वारे से ओ पंखिड़ा हंसता मुखड़े जाजो रे,विदाई समय ओ पंखिड़ा गीत मधुर गाजो,,,

इस भजन से महिलाएं की आंखें नम हो गई,,

विदाई को लेकर भक्ति भावविभर हुए

शिव पुराण की कथा से संतानहीन लोगों सतांन की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही गंभीर रोगों से भी समस्त परिवार के मुक्ति मिलती है। शिव पुराण में इस बात का भी वर्णन मिलता है कि शिव पुराण के श्रवण करने वाले साधकों को शिवलोक में स्थान मिलता है।

# रामानुजनगर का मामला सूरजपुर पुलिस ने की साइबर अपराध को लेकर कड़ी कार्रवाई, म्यूल अकाउंट होल्डर्स व बैंक खाता व एटीएम खरीददार को किया गिरफ्तार

मरुधर विशेष

**करन सोनी सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने साइबर अपराध पर कड़ी कार्रवाई करते हुए एक म्यूल अकाउंट होल्डर्स व बैंक खाता और एटीएम खरीददार को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड को साइबर ठगों को सौंप दिए थे, जिससे ठगी की गई रकम को ट्रांसफर किया जाता था। भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई फोर सी) के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुआ कि म्यूल अकाउंट खाता धारक ओमप्रकाश साहू निवासी पतरापाली, थाना रामानुजनगर के एक्सीस बैंक के एकाउंट शामील है जिसमें साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर व आहरण किया गया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फ्राड के शिकायत का गंभीरता से लेते हुए शिकायत की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो से कराया। जांच उपरान्त साइबर फ्राड से संबंधित शिकायत में एक्सीस बैंक



का खाता ओमप्रकाश साहू के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना रामानुजनगर में अपराध क्रमांक 48/2025 धारा 317(4), 318(2), 61(2)(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना रामानुजनगर पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया कि म्यूल एकाउंट खाता धारक ओमप्रकाश साहू निवासी ग्राम पतरापाली का एक्सीस बैंक रामानुजनगर में खाता है जिसने अपने बैंक खाता, एटीएम को 5 हजार रूपये लेकर योगेन्द्र कुमार साहू को दे दिया था। योगेन्द्र के द्वारा बैंक खाता व एटीएम को बिलासपुर के एक व्यक्ति के पास 15 हजार रूपये में बेच दिया। ओमप्रकाश के खाता पर साइबर ठग रकम ट्रांसफर कर आहरण करने संबंधी मैसूर सिटी कर्नाटक, चंडीगढ़ पुलिस स्टेशन सारंगपुर, डिडाननगर पश्चिम बंगाल में उक्त खाता धारक के विरूद्ध सायबर पोर्टल में कुल 24900 रूपये का ठगी किया गया है। आरोपियों से पूछताछ व बैंक ट्रान्जेक्शन के आधार पर ओमप्रकाश साहू के खाता में साइबर फ्राड के द्वारा 5 लाख 19 हजार 129 रूपये ट्रांसफर कर आहरण किया गया है। मामले में आरोपी ओमप्रकाश साहू पिता शिवशंकर साहू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पतरापाली थाना रामानुजनगर एवं योगेन्द्र कुमार साहू पिता रामप्रताप साहू उम्र 27 वर्ष ग्राम लेडुआ थाना रामानुजनगर को दबिश देकर पकड़ा गया जिनके विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है और आगे की विवेचना जारी है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, आरक्षक दीपक यादव, कृष्णा साहू व अमलेश्वर कुमार सक्रिय रहे।

# विधायक विराटनगर, संभागीय आयुक्त, आईजी, जिला कलेक्टर एवं एसपी ने बाबा बालनाथ आश्रम का किया निरीक्षण

## प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश





मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** आगामी 06 अप्रैल को बावड़ी स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में प्रस्तावित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर गुरुवार को विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, संभागीय आयुक्त पूनम, आईजी अजयपाल लांबा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं एसपी राजन दुष्यंत ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभा स्थल, सुरक्षा प्रबंध, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। संभागीय आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता बरतने के निर्देश दिये।

**व्यवस्थाओं को लेकर दिये सख्त निर्देश** - विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने मंदिर परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं सम्बंधित अधिकारियों व आश्रम कमेटी को समन्वय से कार्य करते हुये सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने को कहा। उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सुरक्षा व्यवस्था व आमजन की सहूलियत के लिये अन्य व्यवस्थायें पुख्ता रखने को कहा। संभागीय आयुक्त पूनम ने कहा कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, इसके दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान भी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आश्रम कमेटी के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क में रहकर सभी व्यवस्थाएं आपसी समन्वय से सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान आईजी अजयपाल लांबा ने कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वीआईपी आगमन एवं आमजन की सुविधा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिये। यातायात नियंत्रण एवं रूट डायवर्जन की प्रभावी योजना बनाई जायें, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने आयोजकों एवं संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, इसके लिये छाया, पेयजल एवं बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जायें। वहीं चिकित्सा सुविधाओं के तहत एंबुलेंस एवं प्राथमिक चिकित्सा दल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। एसपी राजन दुष्यंत ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात रखें एवं वीआईपी रूट पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये बारीकी से निगरानी रखें और सतर्कता से कार्य करें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हैलीपेड, बाबा बालनाथ समाधि स्थल, यज्ञशाला, मंदिर परिसर, सनातन सम्मेलन स्थल एवं भोजन शाला का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, शौचालय, एलईडी स्क्रीन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह यादव, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एएसपी वैभव शर्मा सहित समस्त उपखंड अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रक्तदान कार्यक्रम जिला संयोजक नियुक्त ललित कुमार द्विवेदी ओर चंद्रिका कमलेश जोशी





मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष ललित कुमार जोशी ने ललित कुमार द्विवेदी को रक्तदान कार्यक्रम जिला संयोजक नियुक्त किया है। वही विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डा. कीर्ति आचार्य ने महिला प्रकोष्ठ कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अर्चना दवे की सहमति से चंद्रिका कमलेश जोशी को महिला रक्तदान संयोजक नियुक्त किया है।उक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा ने देते हुए बताया की बाबा साहेब अंबेडकर जयंती 14 अप्रेल पर विप्र फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। उक्त रक्तदान शिविर बांसवाड़ा के महात्मा गाँधी अस्पताल मे रक्त की कमी को देखते हुए लगाया जा रहा है।

# लिमथान महायज्ञ की तैयारियां पर चर्चा धर्मनारायण जोशी पूर्व मावली विधायक ने किया वज्रलेप का अवलोकन



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा के संयोजन में सर्व समाज के सहयोग से लिमथान स्थित श्री परशुराम व कृष्ण धाम पर प्रस्तावित 101कुंडीय श्रीविष्णु महायज्ञ की तैयारी पर चर्चा बुधवार को हुई। मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी रहे। उन्होंने यहां श्रीकृष्ण एवं परशुराम प्रतिमा पर किये वज्र लेप का अवलोकन किया। अध्यक्षता विप्र वाहिनी के प्रदेश महामंत्री स्वामी विवेकानंद महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी एवं परशुराम संस्थान के हेमेन्द्र जोशी एवं संयोजक महेश जोशी रहे। विप्र फाउंडेशन जिला प्रवक्ता एवं विष्णु याग के संयोजक विनोद पानेरी ने बताया कि इस अवसर पर महायज्ञ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा, नगर अध्यक्ष इश्वरदास वैष्णव, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पंकज भट्ट सालिया, नगर महामंत्री मदन मोहन भट्ट, रामशंकर जोशी ने विचार व्यक्त किये। उदयपुर से आये विजयप्रकाश विप्लवी, चरित्र जैन का भी बहुमान किया गया। स्वागत विनोद व्यास, मनोज जोशी, राजेश चौबीसा, प्रवीण जोशी, हेमन्त चौबीसा, गौरीशंकर ठाकुर एवं लक्ष्मीदेवी व्यास ने किया। विप्र फाउंडेशन के प्रकल्प श्रीपरशुराम सेवा सस्थान लिमथान के संयोजक महेश जोशी और सह संयोजक राजेंद्र चौबीसा ने बताया कि 30 अप्रेल को श्री परशुराम जयंती से 2 मई श्री शंकराचार्य जयंती तक चलने वाले 101कुंडीय यज्ञ के लिए गांव-गांव में जन सम्पर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के लिए 51 कुण्डों के यजमानों की सहमति प्राप्त हुई है। इधर नांदिया, सालिया, बड़ोदिया, सुरवानिया, करजी, चोखला, बांसवाड़ा, इटाउवा, नवागांव, ठिकरिया, सागडोद, पाडिकला, बाँसला, छींच सहित विभिन्न गांवों में जन सम्पर्क को लेकर स्वामी विवेकानंद महाराज के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं। साथ ही आस पास के गांवों में आयोजन को लेकर जन सम्पर्क प्रारम्भ कर दिया गया है। इसमें विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

# छात्राओं को एसपी कार्यालय व पुलिस थाने का करवाया भ्रमण



मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजनान्तर्गत एसपी राजन दुष्यन्त के निर्देशानुसार एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन व एसपीसी प्रभारी कुसमिला यादव, स्टॉफ सदस्य लक्ष्मी यादव, एचटीयू प्रभारी हैड कानि. कविता द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हरसौरा की कुल 41 छात्राओं को कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक व पुलिस थाना कोटपूतली का भ्रमण करवाया गया। जहाँ उनको एसपी कार्यालय व थाना की कार्यप्रणाली के बारे में व राजकॉप एप के नीड हैल्प फिचर, पोक्सो एक्ट, महिला संबंधित कानून, गुड टच बैड टच, साईबर अपराध व बचाव, आत्म कौशल शिविर, यातायात नियमों व अन्य महत्वपूर्ण हैल्पलाईन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।

# केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं मुख्यमंत्री का बावड़ी के बाबा बालनाथ आश्रम में 06 अप्रैल को दौरा प्रस्तावित

## कहा : समस्त अधिकारी सक्रियता के साथ सम्पूर्ण तैयारियां चाक चौबंद रखें

### पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर ने ली बैठक



मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पावटा तहसील के बावड़ी में स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में एक वर्ष से अनवरत चल रहे 108 कुण्डीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति हेतु आयोजित कार्यक्रम में आगामी 06 अप्रैल को दौरा प्रस्तावित है। जिसकी पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति पावटा के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बैठक व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, सभा स्थल, कानून व सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, बिजली, एम्बुलेंस, पार्किंग एवं ट्रैफिक नियंत्रण, रूट डाईवर्जन, साफ-सफाई, मोबाईल शौचालय, हैलीपेड को लेकर समुचित व्यवस्था, एलईडी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये जिला कलेक्टर ने एडीएम ओमप्रकाश सहारण को समस्त यात्रा कार्यक्रम का प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम पावटा कपिल कुमार को सह प्रभारी नियुक्त कर अन्य संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां आवंटित कर समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रस्तावित यात्रा अनुसार लाडा का बास में निर्मित हैलीपेड, बाबा बालनाथ समाधि स्थल, बाबा बालनाथ मंदिर परिसर एवं सनातन सम्मेलन में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित अन्य अव्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एएसपी वैभव शर्मा, आश्रम कमेटी से डॉ. सुरेंद्र यादव, मदन यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**जिला कलेक्टर ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण :-** जिला कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों के साथ बावड़ी में हैलीपेड एवं बाबा बालनाथ आश्रम पहुँचकर कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु समाधि स्थल, मंदिर परिसर, यज्ञशाला, भोजनशाला एवं सनातन सम्मेलन स्थल पर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी स्थलों के लिये नियुक्त प्रभारी अधिकारियों को समुचित व्यवस्थायें बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम आयोजक आश्रम समिति के सदस्यों के साथ समन्वय रखते हुये श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सहूलियत अनुसार समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें तथा गर्मी को ध्यान में रखते हुये बैठने, छाया एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिये है। वहीं गुरूवार देर शाम सम्भागीय आयुक्त पूनम, आईजी अजयपाल लाम्बा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एसपी राजन दुष्यंत ने विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ व पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया।

# त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल एवं पंचाल समाज चौदह चौखरो के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धुलजी भाई का किया स्वागत एवं सम्मान



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** सज्जनगढ़ उपखंड के डूंगरा छोटा गांव में पंचाल समाज डूंगरा छोटा द्वारा त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल के एवं पंचाल समाज 14 चौखरो के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धूलजी भाई पंचाल का पंचाल समाज डूंगरा छोटा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचाल समाज डूंगरा छोटा के अध्यक्ष प्रवीण पंचाल ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धूलजी भाई पंचाल रहे एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रस्ट मंडल के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल डूंगरा, अशोक बडोदिया, महामंत्री नटवर लिखी बड़ी,नारायण बडोदिया रहे। संध्याकालीन मां की आरती के पश्चात उक्त कार्यक्रम पंचाल समाज के नोहरे डूंगरा छोटा में आयोजित किया गया ,सर्वप्रथम इकाई अध्यक्ष प्रवीण पंचाल एवं उनकी कार्य कारणी ने मंचासीन अतिथियों का माला और पगड़ी पहनाकर के स्वागत किया। तत्पश्चात विश्वकर्मा नवयुवक मंडल डूंगरा एवं वरिष्ठ समाज जनो ने 11 किलो की माला पहना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धुलजी भाई का स्वागत किया, स्वागत उद्बोधन इकाई अध्यक्ष प्रवीण ने किया, नवनिर्वाचित अध्यक्ष धूलजी भाई ने अपने उद्बोधन में कहां कि सर्वप्रथम में पंचाल समाज डूंगरा छोटा का धन्यवाद अर्पित करता हूं आपने जो मुझे मान सम्मान दिया और मेरा भव्य स्वागत किया, समाज ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मुझे ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष का दायित्व सोपा है मैं संपूर्ण ईमानदारी तन,मन,धन से मां की सेवा और समाज की सेवा में समर्पित रहूंगा।समाज ने मुझ पर जो विश्वास जताया हे मैं उसे पर खरा उतरूंगा , समाज के युवाओं से आग्रह किया समय की नज़ाकत को ध्यान में रखते हुए समाज को भी समय-समय के साथ अपडेट में रहने की जरूरत है ,वर्तमान समय की मांग को देखते हुए उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि नशे से कोसों दूर रहे एवं विद्यार्थियों को अपना पूरा समय पढ़ाई पर ध्यान देंवे अच्छी शिक्षा प्राप्त करके बड़े पदों पर आसीन हो गए अपना स्वयं का परिवार का और समाज का नाम रोशन करें,उन्होंने अध्यापक बंधुओ से भी आग्रह किया कि अपने-अपने गांव में जो बच्चे पढ़ रहे हैं समय-समय पर उनके घर पर जाकर के बच्चों से भी बातचीत करें मार्गदर्शन प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम को भरत डूंगरा,नटवर लिखी बड़ी अशोक बड़ोदिया कांतिलाल डूंगरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष देवीलाल, बाबूलाल,पूर्व सदस्य महेश वर्तमान केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य गिरीश सुरेश एवं जयशंकर दशरथ,नानालाल, पवन,देवचंद कुलदीप,इकाई सचिव प्रदीप मंदिर सेवक हीरालाल गजेद्र,गोविंद, कृष्णकांत बाबूलाल मुकेश वैभव रविन्द्र उर्फ़ टीनू ,हर्षित, राजेश एवं मातृशक्ति विश्वकर्मा नवयुवक मंडल , पंचाल समाज डूंगरा छोटा के समस्त समाज जन उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का संचालन संजय जयशंकर पंचाल ने किया एवं आभार व्यक्त इकाई महामंत्री संजय मोतीलाल ने किया।

# महापौर ने मुक्तिधाम व बंद पड़े स्वर्ग पार्क के साफ-सफाई का निरीक्षण कर सौन्दर्यीकरण कराये जाने के दिये निर्देश



मरुधर विशेष, करन सोनी

**एमसीबी।** नगर पालिक निगम के महापौर रामनरेश राय ने गुरूवार को नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डोमनहिल स्थित मुक्तिधाम एवं बंद पड़े स्वर्ग पार्क के साफ-सफाई का निरीक्षण कर मुक्तिधाम व पार्क परिसर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने हेतु निगम के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महापौर प्रतिदिन नगर की समुचित व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, इसी क्रम में उन्होंने डोमनहिल के मुक्तिधाम व बंद पड़े स्वर्ग पार्क के कूड़ा-करकट, साफ-सफाई सहित अन्य सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया और स्वयं स्थल पर खड़े होकर पूरे परिसर की सफाई कार्य कराये। महापौर रामनरेश राय ने बताया कि नगर की सफाई के साथ-साथ मुक्तिधाम व स्वर्ग पार्क परिसर भी साफ-सुथरा रहना स्वच्छता के प्रति अच्छा संदेश है। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें, जिससे शहर को एक स्वच्छ व सुंदर चिरमिरी के रूप में हम विकसित कर सकें। इस दौरान नगर निगम के एमआईसी सदस्य नरेन्द्र साहू, पार्षद संजीत सिंह, नगर निगम के सहायक अभियंता विजय बधावन, स्वच्छता निरीक्षक रामगोपाल मलिक व निगम के स्वच्छता सुपरवाइजर व अन्य मौजूद रहे।

# अम्बिकापुर में चोरों ने पुलिसकर्मी के घर में ही घुसकर AK-47 और गोलियां पार कीं, कीमती जेवरात भी ले उड़े



मरुधर विशेष

**करन सोनी** अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता के मन में भय व्याप्त है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब पुलिसकर्मियों के घर भी सुरक्षित नहीं रहे। ताजा मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोरों ने पुलिसकर्मी के घर से एके-47 राइफल और 90 राउंड जिंदा कारतूस की चोरी कर ली। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

### पुलिसकर्मी के घर से एके-47 और कारतूस चोरी

गांधीनगर थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित गांधी चौक के पास आरक्षक आशीष तिर्की का घर है। वह बलरामपुर जिले के जिला पंचायत ष्टश्वह्र का गनमैन है। बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में सेंध लगाई और एके-47 राइफल के साथ 90 राउंड जिंदा कारतूस लेकर फरार हो गए।

### सोना-चांदी के जेवरात पर भी किया हाथ साफ

चोरों ने केवल हथियार ही नहीं, बल्कि घर में रखे कीमती सोना-चांदी के जेवरात पर भी हाथ साफ कर दिया। यह वारदात पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। सवाल यह उठता है कि जब एक पुलिसकर्मी का घर ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा?

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

अम्बिकापुर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएं यह साबित कर रही हैं कि अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं है। चोरी, लूट और अन्य संगीन अपराधों में हो रही बढ़ोतरी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस केवल खानापूर्ति कर रही है और असल अपराधियों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है।

# जिला प्रशासन द्वारा किया गया प्याऊ की व्यवस्था, आमजनों को गर्मी में मिल रही राहत



मरुधर विशेष

**करन सोनी** बलरामपुर। जिले में पड़ रही गर्मी को देखते हुए कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने यात्रियों व आम नागरिकां तथा नगरीय एवं ग्रामीणों क्षेत्रो में पेयजल की व्यवस्था तथा शहरी क्षेत्रो में प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थानों पर प्रशासन द्वारा प्याऊ की व्यवस्था गई है। जिससे भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप से बचने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर आम जनों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई है। ताकी आमजनों को पेयजल की समस्याओं का सामना न करना पड़े। आमजनों के लिए ठंडे पेयजल की व्यवस्था के लिए दो-दो मिट्टी के घड़े रखे गए है।
जिससे गर्मी में जनता को ठंडे और ताजे पानी की आवश्यकता पूरी हो सके। मिट्टी के घड़े का उपयोग पानी को ठंडा रखने में मदद करता है, जिससे आम नागरिकों को ताजे और ठंडे पानी की सुविधा मिल सके। और सभी नागरिकों को इस गर्मी के मौसम में राहत मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा प्याऊ की व्यवस्था के तहत, गर्मी और लू के प्रकोप से बचाव के लिए जिले में व्यापक कदम उठाए गए हैं। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने यात्रियों, नागरिकों और सभी क्षेत्रों, चाहे नगरीय हो या ग्रामीण, में पेयजल की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इन प्याऊ की व्यवस्था से न केवल शहरी क्षेत्र के निवासी बल्कि ग्रामीण इलाकों के लोग भी लाभान्वित होंगे। प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि जहाँ भी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र या प्रमुख सार्वजनिक स्थल हों, वहां पर प्याऊ स्थापित किए जाएं ताकि नागरिकों को पानी के लिए संघर्ष न करना पड़े।

# कठूमर में तीन जगह से गणगौर मेले का हुआ समापन

## चेयरमैन शेर सिंह मीणा सहित गणमान्य लोगों ने सम्मान पूर्वक ध्वज उतार कर मेले का किया समापन



मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर।** कस्बे में तीन दिवसीय गणगौर मेले का गुरूवार को प्रातः ध्वज को सम्मान पूर्वक उतार कर मेले का समापन किया। ईओ नरसी मीणा ने बताया कि प्रातः 8:00 बजे मेला ग्राउंड से ध्वज उतार कर विधिपूर्वक मेले के समापन की रस्म अदा की गई। और कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रमों में क्षेत्र के आसपास के पुरुष और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शांतिपूर्वक मेला संपन्न होने पर मेला कमेटी ने प्रशासन पुलिस एवं नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका चेयरमैन शेर सिंह मीणा, गोपेश भारद्वाज, उप चेयरमैन प्रतिनिधि श्याम सुंदर, विजेंद्र चौधरी, वीरेंद्र जाटव, बच्चू सिंह चौधरी, विक्रम सिंह मौजूद थे।

# विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयास से रामानुजनगर-पिवरी-मकरंदीपुर डामरीकृत सड़क निर्माण के लिए 8 करोड़ 19 लाख रु.स्वीकृत



मरुधर विशेष

**करन सोनी सूरजपुर।** प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयास से रामानुजनगर- मकरंदीपुर तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य दूरी 8 किमी राशि रु 8 करोड़ 19 लाख की स्वीकृति मिली है। बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण के स्वीकृति से स्थानीय नागरिकों मे खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक ने क्षेत्र के विकास का संकल्प दुहराया है। लंबे अरसे से रामानुजनगर- पिवरी - मकरंदीपुर सड़क निर्माण अत्यंत जर्जर हालत मे था।। स्थानीय नागरिकों को आवागमन मे काफी असुविधा हो रही थी जिसे लेकर ग्रामीणों मे काफी आक्रोश भी था। यह सड़क आसपास के कई गाँव को मुख्यालय रामानुजनगर से जोड़ती है तथा लंबे समय बदहाल सड़क विधानसभा व लोकसभा चुनाव के अलावा स्थानीय निकाय के चुनाव मे महत्वपूर्ण चुनावी मुद्दा बना था। इस सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय युवकों ने आंदोलन कर जल्द सड़क निर्माण की मांग भी थी। सड़क निर्माण को लेकर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर सड़क निर्माण के स्वीकृति का आग्रह किया था तथा गत वर्ष बजट प्रावधान कर सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार प्राक्कलन के आधार पर रामानुजनगर के पिवरी चौक से मकरंदीपुर सीमा तक कुल 8 किमी डामरीकृत सड़क निर्माण के लिए राशि रु 8 करोड 19 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह ने बताया कि प्रेमनगर क्षेत्र के विकास के लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है मेरे द्वारा ईलाके की कई प्रमुख सड़के तारा - रामानुजनगर मार्ग, कौशलपुर से कौशलपुर बस्ती पहुँच मार्ग, कैलाशपुर पस्ता मार्ग की स्वीकृति पूर्व मे करा दी गई है तथा सड़क निर्माण का कार्य भी प्रारंभ है। इसी तरह रामानुजनगर पिवरी मकरंदीपुर मार्ग मेरी प्राथमिकता मे था अब इस सड़क निर्माण के स्वीकृति से आमजनता को आवागमन मे सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र आने वाले दिनों मे विकास का माडल बनकर उभरेगा। जहां विकास व रोजगार के लिए नये अवसर निकलकर सामने आएगा। बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण के स्वीकृति से स्थानीय नागरिकों मे हर्ष का महौल है तथा ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार जताया है।

# जादू-टोने के शक में हत्या! महिला सरपंच का हत्यारा निकला जेठ

मरुधर विशेष




जादू-टोने के शक में हत्या! महिला सरपंच का हत्यारा निकला जेठ

**करन सोनी** जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की महिला सरपंच प्रभावती सिदार की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जादू-टोने के शक में महिला सरपंच के जेठ ने ही सरपंच को मौत के घाट उतार दिया था। जेठ के पूरे परिवार की तबियत खराब रहती थी, जादू टोने के शक में आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया
मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला मंगलवार का है। जहां के तुमला थाना क्षेत्र इलाके में डोंगादरहा की सरपंच प्रभावती सिदार की हत्या हुई थी। आरोपी महिला जेठ ने नहाने के दौरान कुल्हाड़ी मारकर सरपंच की हत्या की थी। जिसके बाद पुलिस को गुमराह करने सरपंच पर हमले के बाद आरोपी जेठ खुद ही अस्पताल लेकर गया था। वहीं अब मामले में बड़ा खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### क्या है पूरा मामला

डोंगादरहा ग्राम पंचायत के सरपंच की दिनदहाड़े अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है। वे अपने घर के आंगन में नहा रही थी, तभी अज्ञात लोग आए और धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फोरेंसिक टीम और डॉग सक्वायड की टीम को मदद से मामले की जांच कर रही थी।

### हमलावर ने किया था वार

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर 12 बजे मृतका प्रभवति सिदार घर के पीछे नहाने के लिए गई थी। इसी दौरान अज्ञात हमलावर ने घर मे प्रवेश कर दिनदहाड़े धारधार हथियार से चेहरे और गर्दन पर हमला कर दिया। इस घटना में प्रभावती सिदार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका के पुत्री फरसाबहार जाने के लिए सड़क पास बस पकड़ने के लिए खड़ी थी। बस लेट होने की वजह से जब वापस आई तो उसकी मां मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। घटना की सूचना आस-पास के लोगों को दी गई। जहां आनन- फानन में महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था।

# डीग में अवैध खनन के विरुद्ध जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक एक्शन मोड में

## माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशन में अवैध खनन पर पूर्ण रोकथाम के दिए निर्देश

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग,** - माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान श्री भजनलाल शर्मा के मंशा अनुरूप डीग जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने गुरुवार को डीग जिले के पहाड़ी और सीकरी उपखंड का दौरा कर अवैध खनन प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना किया। अवैध खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए आकस्मिक अभियान के तहत अवैध खनन माफियाओं पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।



**फोरमैन को जारी की गई चार्जशीट**

निरीक्षण के दौरान श्री कौशल ने खनिज विभाग द्वारा लापरवाही बरतने पर विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और फोरमैन को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान पहाड़ी के नांगल जोन, धौलेट, छपरा, लिवासना और पापरा एवं सीकरी के लवान, सेवल और टेस्की के खनन क्षेत्रों का निरीक्षण कर खनन सामग्री परिवहन हेतु बनाए गए गैर कानूनी मार्गों को अवरुद्ध करने के साथ ही संबंधित पटवारी और तहसीलदार को अवरुद्ध खनन परिवहन मार्गों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। डीग जिले से खनन निर्गमन के समस्त रास्ते काटने का भी कार्य प्रशासन द्वारा किया गया।

**पुलिस विभाग सख्ती के साथ कराए कानून की पालना**

जिला कलेक्टर ने खनिज विभाग को निर्देशित किया कि वे अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई करे जिससे आमजन को राहत पहुंचे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अवैध खनन माफियाओं की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने सख्ती के साथ कानून की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिससे कि अवैध खनन करने वालों में भय पैदा हो सके।

**अधिकारी सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए करें प्रभावी निरीक्षण**

उन्होंने अवैध खनन क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने और आकस्मिक छापे मारने की बात कही। लीजधारी द्वारा यदि लीज की शर्तों का उल्लंघन किया जाए तो उन पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। परिवहन विभाग को बिना वैध परमिट के खनिज सामग्री का परिवहन के रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया। खनन गतिविधियों को मॉनिटर करने के लिए सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए प्रभावी निरीक्षण की बात कही गई। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पहाड़ी दिनेश शर्मा, सीओ पहाड़ी गिर्राज मीणा, खनि अभियंता के.सी. गोयल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भूमि सुपोषण के बिना मानव स्वास्थ्य की कल्पना निरर्थक प्रकृति की समृद्धि के बिना, खेती और किसान का समृद्ध होना नामुमकिन

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़** प्रभात ग्राम राखो में महादेव चोक पर भूमि सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया के मुख्य वक्ता बाँसवाड़ा विभाग के सह विभाग ग्राम सह सयोंजक गोपाल पाटीदार ने बताया कि धरती माता को सुपोषित जैविक पद्दति अपनाकर ही कर सकते हैं हमारा अपना जीवन अति भौतिकतावादी युग मे पशुपालन व जैविक खेती के प्रति उदासीनता के कारण कृषि क्षेत्र में हास हो रहा हैं और हमारी खेती का जीवन दोनों प्रकृति के वैभव पर निर्भर है। आप जिस भूमि पर फसल उगाते हैं, वह भूमि हमें और आपको, अपने पूर्वजों से विरासत में मिली है। आज से लगभग 50 साल पहले भूमि में जीवांश कार्बन की औसत मात्रा 0.52% थी। भूमि के नीचे 40 से 50 फुट पर भू-गर्भ जल उपलब्ध था। गांव की जैव-विविधता भी संपन्न थी। हमारे पूर्वज अपनी भूमि में अपने परिवार की आवश्यकता के अनुसार खेती करते थे। किसान अपनी फसलों को उगाने के लिये रासायनिक उर्वरक व दवाईयों प्रयोग नही करते थे। फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप भी बहुत कम होता था। इसका एक ही कारण था, कि हमारी भूमि में जीवांश कार्बन पर्याप्त मात्रा में था। जैव- विविधता में नाना प्रकार की जीव-जंतु सभी पारिस्थितिकी संतुलन पर्याप्त मात्रा में थे। हरित क्रांति कार्यक्रम के अंतर्गत सिंचाई साधनों को बढ़ावा दिया गया। भूमि में रासायनिक खाद व दवाइयों के प्रयोग से भूमि पोषक तत्वों की कमी व पोषक तत्वों का असंतुलन के कारण अनेक असाध्य रोग हो रहे है शस्य विधियों पर बहुत से शोध कार्य किए गए। फसलों को पर्याप्त पोषण के लिए रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा दिया गया, साथ ही खेती में मशीनीकरण को भी बढ़ावा दिया गया। आगे चलकर फसलों पर लगने वाले कीट, रोग एवं खरपतवारों से बचाने के लिए फसल सुरक्षा रसायनों का प्रयोग किया जाने लगा। हमने बहुत विकास किया, परंतु उस विकास के पीछे होने वाले विनाश को हमने नहीं देखा। रसायन आधारित फसल उत्पादन प्रणाली अपनाकर जहां देश खाद्यान्न उत्पादन में आत नहीं है। आकाश में विचरण करने वाले नभचर नहीं हैं। भूमि में रहने वाले हमारे मित्र केंचुआ और अन्य लाभदायक सूक्ष्म जीव भी विलुप्त हो चुके हैं।विलुप्त होती जा रही हैं। आज देश की कृषि नीतियां किसानों की आय को बढ़ाने के प्रयास में लगी हैं, परंतु प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं जैव- विविधता के संवर्धन के बिना यह संभव नहीं है। आज देश के किसान भाइयों को अपनी खेती योग्य भूमियों की उर्वरता को बढ़ाने और भू-गर्भ जल का दोहन रोकने के लिए परंपरागत कृषि उत्पादन प्रणाली की ओर लौटने की ज़रूरत है। क्योंकि पिछले 20 वर्षों का इतिहास गवाह है, कि फसलों की उत्पादकता में ठहराव आ गया है। फसलों की उत्पादन लागत निरंतर बढ़ रही है।भोजन में स्वाद नहीं बचा है। और रसायन युक्त भोजन, पानी , हवा के सेवन से हम बीमार हो रहे हैं। इन सब का एक ही कारण है, कि हमारी धरती की उर्वरता निरंतर घटती जा रही है।भू-गर्भ जलस्तर प्रत्येक वर्ष नीचे जा रहा है। ज़मीन पर रहने वाले थलचर , जलाशयों में रहने वाले जलचर और नभ में विचरण करने वाले नभचर समाप्त होते जा रहे हैं । इसी वजह से फसलों की उत्पादन लागत निरंतर बढ़ रही है। किसान को उपज का सही मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। देश का अधिकांश किसान कर्ज में डूबा हुआ है। इन सब समस्याओं से बाहर आने के लिए आज हमें ज़रूरत हैं जलसंरक्षण हेतु पानी को खेत में रोकने के लिए अपने खेतों की मेड़ों को मज़बूत करें। खेत की मेड़ों पर अपनी रुचि के अनुसार बृक्षारोपण करना हैं खेती करने के साथ-साथ किसान भाई गौ आधारित खेती अवश्य करें। पशुओं के मल मूत्र और फसलों के अवशेष को कच्चे गड्ढे में जैविक खाद बनाई जाए, ताकि रसायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता को कम किया जा सके और भूमि में जीवांश कार्बन की मात्रा को बढ़ाया जा सके। पुराने तालाबों का जीर्णोद्वार करें। किसान भाइयों को फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन का काम भी करना चाहिए, क्योंकि घर में पाले गए पशु फसल अवशेष खाकर हमें खाद और दूध उपलब्ध कराते हैं।

प्रदेश मे योगी पैटर्न की तरह हो अधिकारियो पर एक्शन जसबीर

# जनता से अच्छा व्यवहार ना करने वाले अधिकारिओं के नाम, मुख्यमंत्री क़ो सोपते हुए जसबीर सैनी

मरुधर विशेष

**सवाददाता सुनीता सैनी** बावल प्रदेश में नायब सरकार की छवि खराब करने वाले अधिकारिओं को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा अन्यथा सरकार उन्हें बदल देगी इसी संदर्भ में भाजपा नेता एवं ग्रिवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी नें दिल्ली हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर उन्हें स्तिथि से अवगत कराते हुए कहा की झज्जर ज़िलें में कुछ अधिकारी जनता का काम करने की बात तो दूर उनके साथ अच्छा व्यवहार तक नहीं करते द्य क्यों की ये वही अधिकारी है जिन्होंने चुनाव में पार्टी के खिलाफ लोगो पर दबाव बनाया और जिनकी सोच विपक्ष की पार्टी के साथ मिलती है द्य आज प्रदेश की नायब सरकार इन अधिकारिओं



को हजम नहीं हो रही इसलिए ये जानबूझ -कर लोगो को परेशान करते है द्य सैनी नें मुख्यमंत्री को बताया की सबसे ज्यादा आमजन की शिकायत पुलिस प्रशासन विभाग की आ रही है द्य जिन लोगो पर आमजन को न्याय दिलाने की ज़िम्मेदारी है वही कुछ पुलिस अधिकारी आमजन के साथ पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करते है द्य इसलिए सैनी नें मुख्यमंत्री से मांग की ऐसे अधिकारिओं को चिन्हित करके तुरंत प्रभाव से उनका तबादला मेवात किया जाए सैनी नें कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री दिन -रात लोगो की बात उन्हें सम्मान देते हुए सुनते है लेकिन कुछ उच्च अधिकारी अपने आप को मुख्यमंत्री से भी बड़ा समझते हुए सरकार के खिलाफ काम कर रहे इसलिए ऐसे लोगो का इलाज योगी पैटर्न पर होना चाहिए कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री के दौरे पर भी दुरी बनाते है जिस से साफ जाहिर होता है की वो सरकार के साथ कार्य नहीं कर रहे द्य मुख्यमंत्री नें सैनी को आश्वासन देते हुए कहा की प्रदेश में अफसरशाही के लिए कोई जगह नहीं अधिकारी चाहे छोटा हो या बड़ा जनता के प्रति उसकी ज़िम्मेदारी बनती है की बिना विलम्ब उनका काम करें नायब सरकार में जनता के कामो में लापरवाही बरतने वाले अधिकारिओं को बक्शा नहीं जायेगा

# भगवान संभवनाथ का मोक्षकल्याणक, शांतिधारा कर मांगी विश्व शांति

चैत्र पर्यूषण महापर्व का दुसरा दिन

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** बडोदिया में चैत्र शुक्ल षष्ठी को जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर भगवान श्री संभवनाथ का मोक्षकल्याणक मनाया गया। वीरोदय तीर्थ क्षेत्र पर गुरुवार सुबह श्रीजी का जलाभिषेक प्रथम कलश से शाह प्रद्युमन जैन पुत्र केसरीमल जैन चंदुजी का गढ़ा ने किया। द्वितीय कलश रोहण मान्य तलाटी पुत्र प्रियंक तलाटी ने, तीसरा कलश कमलेश दोसी,महेश दोसी पुत्र हिरालाल दोसी,चौथा कलश तीर्थ दोसी पुत्र संजीवन दोसी, पांचवां कलश मिहीर दोसी पुत्र भरत दोसी बडोदिया,छठा कलश नायक भव्य पुत्र



सुरेश चंद्र बाहुबली कॉलोनी, सातवां कलश पिंडारमिया राजेश जैन पुत्र छगनलाल जैन नौगामा, शाह हार्दिक जैन पुत्र प्रकाश चंद्र जैन, नायक विकास जैन पुत्र लक्ष्मीलाल जैन,आठवां कलश सुशीला, सुनीता सपरिवार अजमेर सभी ने सामूहिक शांतिधारा कर विश्व मंगल की कामना की। इसके बाद शारदा देवी धर्मपत्नी रमेश चंद्र चौखलिया परिवार द्वारा निर्मित निर्वाण लाडु को तरुण जैन, लवीश जैन पुत्र सुरेश चंद्र जैन परिवार ने लाडु चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त किया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बडोदिया में भी मोक्षकल्याणक मनाया गया। प्रातः दीपक खोडणिया पुत्र कांतिलाल खोडणिया परिवार के मनोज खोडणिया ने श्रीजी का जलाभिषेक व शांतिधारा की। शारदा देवी धर्मपत्नी रमेश चंद्र चौखलिया परिवार द्वारा सुसज्जित निर्वाण लाडु की बोली यश जैन पुत्र अनिल जैन, महिपाल जैन ने ली। दोनों ने निर्वाण पूजन कर लाडु चढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन आशीष भैया तलाटी व राजेश तलाटी ने संयुक्त रूप से किया। समाज के कांतिलाल खोडणिया व मोहित तलाटी ने बताया कि चैत्र पर्यूषण महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म पर श्रद्धालुओं ने दक्षलक्षण पूजन कर अर्घ्य चढ़ाए।

# अजीत नाथ भगवान संभावनाथ भगवान मोक्ष कल्याण का निर्वाण लाडू चढ़ाया

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** नौगामा 1008 अजीत नाथ भगवान, संभावनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण का निवाण लाडू चढ़ाया प्रातः 1008 आदिनाथ मंदिर 1008 भगवान भगवान महावीर समवशरण सुखोदय तीर्थ नसिया जी विशेष शांति धारा अभिषेक किया गया अभिषेक के पश्चात बड़े भक्ति भाव से आदिनाथ



भगवान नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा के सामने निर्माण लाडू चढ़ाया गया निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य पंचोली गीतांश विपुल, जितेंद्र पंचोली पिंडारमिया जयंतीलाल व महिला मंडल को प्राप्त हुआ इस अवसर पर महिला मंडल एवं जैन पाठशाला के छात्रों द्वारा भगवान अजीतनाथ संभावनाथ की बड़े भक्ति भाव से पूजन की गई लड्डू बनाने का सौभाग्य पंचोली सुषमा हेमा पंचोली को प्राप्त हुआ कार्यक्रम का संचालन गांधी रमेश चंद्र ,भरत पंचोली आशीष पिंडारमींया द्वारा किया गया इस अवसर पर जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि 10 अप्रैल को महावीर जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जाएगी इस हेतु व्यापक की तैयारी की जा रही है।

# महवा में जाटव समाज ने शहीद हुए युवाओं की शहादत को किया याद

## शहिदों को पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी का किया आयोजन




मरुधर विशेष। दिनेश लेखी

**महवा।** कस्बा स्थित अंबेडकर कॉलोनी में बाबा साहब की प्रतिमा पर पहुंच कर 2 अप्रैल 2015 को शहीद हुए युवाओं की शहादत को याद किया और पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान भारतीय जाटव समाज राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान ठेकेदार ने कहा कि राजस्थान के अलवर जिले से आने वाले शहीद पवन सागर जिसकी शादी 6 माह पहले ही हुई थी और उसने समाज की लड़ाई में अपना बलिदान दिया। इस दौरान समाज के जन प्रतिनिधियों ऐसे मौके पर समाज के बीच आकर समाज के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर दीनदयाल ठेकेदार, रामदयाल सौंकरिया, महवा, विष्णु बौद्ध बनेसिंह पार्षद, शेरसिंह, हितेश आर्य, राजेंद्र पावटा महासचिव, कान्हा, विजेंदर मेम्बर बारितकी , एल बिहारी, काशीराम, मेवाराम ठेकेदार, राजेंद्र रामगढ़, विशाल एडवोकेट सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

गृह राज्य मंत्री ने ली डीग जिले की कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक

# पुलिस विभाग को गृह राज्य मंत्री की सौगात; विधायक कोटे से मिलेंगे 6 नए वाहन

मरुधर विशेष

**रेखब चन्द शर्मा संवादाता कामां डीग,** । गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा मौजूद रहे।

**गौतस्करी, गौकशी, ऑनलाइन फ्रॉड, अवैध खनन पर पुलिस करे कार्रवाई**

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए नवीन डीग जिले में संसाधन को सुदृढ़ करने के लिए श्री बेढ़म ने पुलिस विभाग को विधायक कोटे से 06 वाहन उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार पारदर्शी सरकार है और सभी वर्गों के हितों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि वाहन उपलब्ध होने से अपराधिक मूवमेंट को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा और विभाग के कार्य में सुधार आएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देशित किया गया है कि अपराधी कोई भी हो उसे बक्शा न जाए। कोई भी अपराध स्वीकार नहीं किया जाएगा। गौतस्करी, गौकशी, ऑनलाइन फ्रॉड, अवैध खनन सहित अन्य अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए इन गतिविधियों में गिरावट लाने के निर्देश दिए गए। इससे पूर्व पीपीटी के माध्यम से जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा द्वारा डीग पुलिस के बारे में आवश्यक जानकारी गृह राज्य मंत्री को दी गई। श्री मीणा ने बैठक में बताया कि साइबर ठगी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 01 रेंज स्पेशल व 02 जिला स्पेशल टीम का गठन किया गया। वर्ष 2024 में 347 दर्ज प्रकरण में से 1289 साइबर ठग गिरफ्तार, 2153 मोबाइल फोन जब्त, 3266 सिम कार्ड जब्त, 25530 सिम कार्ड ब्लॉक, 21222 आईएमईआई ब्लॉक, 624 एटीएम कार्ड जब्त करने के साथ ही अपराधिक गतिविधियों में गिरावट लाने का कार्य पुलिस विभाग द्वारा किया गया।

**अवैध खनन के संबंध में जिम्मेदारों की जवाबदेही सुनिश्चित हो**

वहीं पहाड़ी में जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में गृह राज्य मंत्री द्वारा जानकारी ली गई और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए समुचित प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने अवैध खनन होने पर सभी जिम्मेदारों की जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा। श्री बेढ़म ने बड़े माफियाओं के साथ ही सभी अवैध खनन कर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# नगर पालिका सागवाड़ा द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण करने शिलान्यास

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा सागवाड़ाः** सोमपुरा समाज सागवाड़ा के सलाटवाड़ा खोडियार माता मंदिर के पास स्थित भूखंड पर नगर पालिका सागवाड़ा द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण करने हेतु शिलान्यास किया गया। यह भवन नगर पालिका सागवाड़ा 35 लाख रुपए में दो मंजिला बनाएगी।जिसका कार्य आदेश जारी हो चुका है।यह घोषणा नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने की । इस भवन का शिलान्यास नगरपालिका द्वारा सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक शंकर लाल डेचा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथिगण यशवंत गवारिया नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा,ललित पंचाल नगर ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस, हरिश्चंद्र अध्यक्ष




सोमपुरा समाज, इंद्रजीत मकवाना पार्षद रहे सभा में मुख्य अतिथि शंकरलाल विधायक सागवाड़ा क्षेत्र में विकास के आयाम पर चर्चा करते हुए आने वाले समय में राजस्थान की भजनलाल सरकार जल जीवन मिशन के तहत रुपए 1400 करोड़ की परियोजना को लागू करेगी जिससे क्षेत्र की दूर दराज की पानी वितरण की समस्या समाप्त हो जाएगी क्षेत्र में माही नदी की नहर से क्षेत्र के तालाब व खेतों में पानी से खेत लहलहा उठेंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका मंडल के पार्षद गटा भाई, मंगलेश,जवाहर, भरत जोशी, दिनेश गोगरोत,निरज पंचाल,पंकज, मनीष,संजय, देवीलाल,हरीश सोमपुरा,सुदर्शन, प्रकाश,जयप्रकाश जितेन्द्र शर्मा अधिशासी अधिकारी, इंजीनियर अमन कलाल, प्रवीण पाटीदार, रोशन व्यास,अक्षय सेवक सहित कई पुरुष महिला नागरिकों ने भागीदारी निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।सुभाष सोमपुरा ने आभार माना।

# कारीजी के मदरसा पर हुई रकमा जिला कार्यकारिणी की बैठक



मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** कामां - गुरुवार को कामां में रकमा जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन कारीजी के मदरसा पर रकमा जिला अध्यक्ष अख्तर अली विरार की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि तैयब हुसैन व्याख्याता रकमा के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी ऐसोसिएशन (रकमा) जिला डीग के जिला अध्यक्ष अख्तर अली अध्यापक ने बताया कि बैठक में निम्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

1, अल्पसंख्यक छात्रों के लिए लाइब्रेरी पर चर्चा की गई, 2,-अल्पसंख्यक कर्मचारियों की हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन को सुदृढ़ करना,- 3- अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को केंद्रीय विद्यालय नवोदय जामिया,रू में कक्षा 6, 9, 11 में प्रवेश परीक्षा हेतु के लिए कोचिंग पर चर्चा।4,-रकमा संगठन में नवीन नवयुक्त अल्पसंख्यक कार्मिकों को जोड़ना। बैठक के दौरान नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन निम्न प्रकार किया गया जिला अध्यक्ष अख्तर अली अध्यापक,, जिला उपाध्यक्ष, अब्दुल सलीम सफिया बेगम ,आरिफ खान,

सचिव -हसन मोहम्मद संयुक्त सचिव अंसार खान महासचिव सौराव खान कोषाध्यक्ष मौसम खान मंत्री वकार यूनुस जिला प्रवक्ता सलमान खान सभा अध्यक्ष अकरम खान मीडिया प्रभारी,अकील संरभक , इमरान खान, महिला मंत्री शबाना अंजुम को बनाया गया

गृह राज्य मंत्री ने ली डीग जिले की कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक

# पुलिस विभाग को गृह राज्य मंत्री की सौगात; विधायक कोटे से मिलेंगे 6 नए वाहन

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग,-** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा मौजूद रहे।



**गौतस्करी, गौकशी, ऑनलाइन फ्रॉड, अवैध खनन पर पुलिस करे कार्रवाई**

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए नवीन डीग जिले में संसाधन को सुदृढ़ करने के लिए श्री बेढ़म ने पुलिस विभाग को विधायक कोटे से 06 वाहन उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार पारदर्शी सरकार है और सभी वर्गों के हितों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि वाहन उपलब्ध होने से अपराधिक मूवमेंट को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा और विभाग के कार्य में सुधार आएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देशित किया गया है कि अपराधी कोई भी हो उसे बक्शा न जाए। कोई भी अपराध स्वीकार नहीं किया जाएगा। गौतस्करी, गौकशी, ऑनलाइन फ्रॉड, अवैध खनन सहित अन्य अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए इन गतिविधियों में गिरावट लाने के निर्देश दिए गए। इससे पूर्व पीपीटी के माध्यम से जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा द्वारा डीग पुलिस के बारे में आवश्यक जानकारी गृह राज्य मंत्री को दी गई। श्री मीणा ने बैठक में बताया कि साइबर ठगी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 01 रेंज स्पेशल व 02 जिला स्पेशल टीम का गठन किया गया। वर्ष 2024 में 347 दर्ज प्रकरण में से 1289 साइबर ठग गिरफ्तार, 2153 मोबाइल फोन जब्त, 3266 सिम कार्ड जब्त, 25530 सिम कार्ड ब्लॉक, 21222 आईएमईआई ब्लॉक, 624 एटीएम जब्त करने के साथ ही अपराधिक गतिविधियों में गिरावट लाने का कार्य पुलिस विभाग द्वारा किया गया।

**अवैध खनन के संबंध में जिम्मेदारों की जवाबदेही सुनिश्चित हो**

वहीं पहाड़ी में जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में गृह राज्य मंत्री द्वारा जानकारी ली गई और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए समुचित प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने अवैध खनन होने पर सभी जिम्मेदारों की जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा। श्री बेढ़म ने बड़े माफियाओं के साथ ही सभी अवैध खनन कर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# एनसीआर रेल समिति के महामंत्री ने जनरल मैनेजर के पीए को सौपा मांग पत्र

मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**खेडली ।** एनसीआर रेल यात्री समिति खेरली के महामंत्री धर्म सिंह मीणा द्वारा गुरुवार को उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर स्थित कार्यालय में पहुंच कर जीएम के पीए को विभिन्न मांगों के पत्र सौंपे। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी चंद कंसल ने बताया कि समिति के महामंत्री ने जयपुर पहुंचकर मांग पत्र



सोपा जिसमें खेडली रेलवे स्टेशन आगरा फोर्ट बांदीकुई के मध्य में पड़ता है खेडली स्टेशन राजस्थान के अलवर जिले के यात्री भार का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है रेल मंत्रालय द्वारा स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत चुना है खेडली स्टेशन की वार्षिक आय 2023 2024 रूपये 33306194 हैं खेडली स्टेशन दिनांक 10.09. 2024 को रेलवे द्वारा यात्री भार मानते हुए एनसीआर में एनएसजी न. 5 की कैटिगरी अ श्रेणी में आती है। खेडली स्टेशन से लगभग 30 कि.मी. तक के यात्री खेडली स्टेशन से सफर करते है व दूर दूर के व्यापारी अपना व्यापार करने हेतु रेल यात्रा से सफर करते है। इसलिए पैडेमिक पीरीयड कोरोना काल से पहले रेल संख्या 54461 व 54462 बांडीकुई से बरेली ऋषिकेश व बरेली ऋषिकेश से बांदीकुई पेसेंजर गाडी चला करती थी जो समाप्त कर दी गई है उसको पुनः संचालित करने का कष्ट करें, गाडी संख्या 12547 आगरा केन्ट से सावरमती अहमदाबाद गाडी सं. 12548 सावरमती अहमदाबाद से आगरा केन्ट को खेडली स्टेशन पर ठहराव हेतु, गाडी सं. 22547 ग्वालियर से सावरमती अहमदाबाद 22548 सावरमती अहमदाबाद से ग्वालियर दोनो गाडियों का समय खेडली स्टेशन पर एक ही है। इधर गाडी सं. 12307 से हावडा गाडी सं. 12308 हावडा से जोधपुर खेडली स्टेशन वहराव करवाने, गाडी सं. 22307 बीकानेर से हावडा गाडी गाडी सं. 22308 हावडा से बीकानेर सहित उक्त दोनों गाडियों का समय खेडली स्टेशन पर एक ही है ठहराव करवाने की मांग की है।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्दा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732